# कंपनियों का हब बनेगा नोएडा का एनटीटी डाटा सेंटर

**जासं, लखनऊ :** प्रख्यात कंपनियों के लिए उपभोक्ताओं का डाटा अनमोल पूंजी सरीखा है। इसे सुरक्षित रखने के लिए कंपनियां सारे जतन करती हैं। अप्रैल 2023 में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का डाटा मुंबई से साइबर अटैक में हैक हो गया था, निगम को ई-टिकटिंग सहित अन्य प्रबंध करने में परेशानी हुई। अब डाटा सुरक्षित रखने के लिए दूसरे राज्य की ओर देखने की जरूरत नहीं है। नोएडा में एनटीटी डाटा सेंटर बनकर तैयार हो गया है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लगी प्रदर्शनी में एनटीटी डाटा के डायरेक्टर अखिल सुनेजा ने बताया कि डाटा सेंटर में जापान ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ध्यान में रखकर वर्ल्ड क्लास डाटा सेंटर तैयार किया है।

**6 एकड़ में 52.4 मेगावाट का प्लांट तैयार, सात हजार से अधिक रैक**

छह एकड़ के प्लांट में सात हजार से अधिक रैक लगाए गए हैं जो लाकर की तरह ग्राहकों को दिया जाएगा। 12 जनवरी को इसे लांच किया जा चुका है। यहां पर फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि प्लेटफार्म के करोड़ों उपभोक्ताओं का डाटा सुरक्षित रखा जा सकता है। इतना ही नहीं रेलवे से लेकर बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा डाटा भी यहां सुरक्षित रह सकता है।